दिनांक : 29.11.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में होंगे शामिल।
- राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने प्रशिक्षु आई.पी.एस. अधिकारियों से कहा- जनसेवा की वास्तविक कसौटी जनविश्वास है।
- अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का हुआ समापन।

गृहमंत्री शाह-डी.जी.पी-आई.जी.पी. सम्मेलन

छत्तीसगढ़ के रायपुर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम रायपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी सम्मेलन के अलग-अलग सत्रों की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।

इससे पहले कल सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सम्मेलन देश की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जिसमें समस्याओं और चुनौतियों की पहचान करने से लेकर रणनीति और नीतियां बनाने तक शामिल हैं। इस मौके पर श्री शाह ने बताया कि पिछले सात साल में, केंद्र सरकार ने 586 पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इससे नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 2014 में 126 से घटकर आज सिर्फ 11 रह गई है।

राज्यपाल प्रशिक्षु आईपीएस

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आमजन के साथ सहानुभूति और समानाभूति लोक सेवा का आधार है। यह कथनी और करनी में साफतौर पर दिखना चाहिए।

राजभवन में कल आए 77 वें आर आर बैच के भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ चर्चा में राज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों को जनहित, राष्ट्रहित के कार्यों का नेतृत्व व्यक्तिगत आचरण और व्यवहार से करना चाहिए, क्यांेकि लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम पुलिस में सेवा का अवसर है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वह पुलिस व्यवस्था के भावी निर्माता हैं। इस मौके पर राज्यपाल को मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भोपाल के निदेशक श्री मोहम्मद शाहिद अबसार ने प्रशिक्षण की रुपरेखा बताई।

मुख्यमंत्री-चंदेर इको सिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चंदेरी जैसे स्थानों की ख्याति ऐतिहासिक, प्राकृतिक सौन्दर्य, पर्यटन के साथ ही वस्त्र बुनाई के कारण भी है। यहां के बुनकर चंदेरी साड़ियों के निर्माण में लगे हैं, जिसे गुणवत्ता के आधार पर जीआई टैग प्राप्त हुआ है, यह एक अहम उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चंदेरी में हो रही ईको रिट्रीट आयोजन के लिए कल उज्जैन से भेजे विशेष संदेश में कहा कि चंदेरी का इतिहास गौरवशाली है। यह स्थान पर्यटकों को आकर्षित करता है। तीन माह के लिए पर्यटक टेंट सिटी का लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में बताया कि उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने चंदेरी के शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बता दें कि चंदेरी इको रिट्रीट-2025 के तीसरे संस्करण का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने चंदेरी जिला प्रशासन एवं सनसेट डेजर्ट कैम्प के सहयोग से किया है।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। रतालम के नीजी कम्पनी के कर्मचारी गोपाल सांबले ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि-

मुख्यमंत्री-कानून

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार सुशासन के लिए पहचानी जाती है। कानून सबके लिए है। कानून की पकड़ से कोई भी अपराधी बच नहीं सकता है। रायसेन जिले गौहरगंज में बच्ची से दुराचार की घटना के आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री ने कल यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो भी व्यक्ति कानून-नियमों और व्यवस्थाओं को नहीं मानता है, सरकार उससे अच्छी तरह निपटना भी जानती है और कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर उसे प्रतिबंधित भी करती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस किसी भी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है।

रेडक्रॉस सोसाइटी-राज्यपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल कल भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मध्यप्रदेश शाखा की नवगठित प्रबंध समिति और पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल श्री पटेल ने नव नियुक्त चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे, उप सभापति मनीष रावल और मानसेवी कोषाध्यक्ष दीपेश मेहता को शपथ दिलायी।

मतदाता सूची पुनरीक्षण

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गति देने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइज़रों को सम्मानित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कार्य में उदासीनताए लापरवाही और अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर ने 11 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती

प्रदेश में एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर पन्ना जिले में श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में सुबह विशेष पूजा पाठ किया जाएगा। वहीं बैतूल जिले में सुबह 10 से 12 बजे तक प्रदेश के साथ जिला मुख्यालयए जनपदोंए स्कूल.कॉलेजों में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का आयोजन किया जाएगा।

डिंडोरी जिले में गीता जयंती के अवसर पर बच्चों में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के लिए पाठानए रंगोलीए भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियाँ कराई जाएँगी।

## अंडर-20 महिला फुटबॉल

भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम आज तमिलनाडु के महाबलीपुरम में एफ सी मद्रास अकादमी में उज़्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैचों में से पहला मैच खेलेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होगा। मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इन दोनों मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जो 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियन कप के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा होगी। पिछले महीने भारतीय महिला टीम ने श्यामकेंत में कज़ाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ दो दोस्ताना मैच खेले, जिसमें भारतीय टीम ने पहला मैच 3-2 से जीता और दूसरा मैच 1-1 से ड्रॉ रहा।

## फिल्म महोत्सव समापन

56वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का कल समापन हुआ। सिनेमा उत्सव के नौ जादुई दिनों के उत्सव में समापन समारोह में अनेक सितारे ने भाग लिया। इस समापन समारोह में गोवा के केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन भी पहुंचे थे।

समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा जिले में पुनासा विकासखंड के ग्राम मथेला में नाले पर श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया गया।
- इंदौर में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की विशेष उपस्थिति में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में आयोजित विद्युत केन्द्रों पर लगाये गये महाकैंप में 263 उपभोक्ताओं द्वारा 19 लाख 65 हजार रुपए का बकाया बिल जमा कर 3 लाख 29 हजार का सरचार्ज की छूट प्राप्त की गई ।
- छतरपुर जिले में कल एडीप योजना और राष्ट्रीय वायोश्री योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया।

-------